प्रेस नोट थाना निगोही

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक : 11.05.2026

थाना निगोही पुलिस द्वारा बंद मकानों में हुई चोरी की 03 घटनाओं का सफल खुलासा, शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किए गए जेवरात, नकदी, चोरी में प्रयुक्त औजार एवं मोटरसाइकिल बरामद, जनपद शाहजहाँपुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर महोदय सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना निगोही पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस, मु0अ0सं0 217/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 218/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस में प्रकाश में आए अभियुक्त नरेश पुत्र परागेलाल निवासी ग्राम पतराजपुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहांपुर को चोरी किए गए माल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.05.2026 को उ0नि0 दिलशाद खाँ मय पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त, शान्ति व्यवस्था ड्यूटी, अपराध रोकथाम, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पैतापुर तिराहा के पास मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 07/08.05.2026 की रात्रि में कस्बा निगोही स्थित बंद मकानों में चोरी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त पुनः चोरी करने के उद्देश्य से ग्राम डींग की तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहा है तथा उसके पास चोरी किए गये जेवरात, नकदी एवं चोरी में प्रयुक्त औजार मौजूद हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर दिनांक 11.05.2026 को समय करीब 00:33 बजे अभियुक्त को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम **नरेश पुत्र परागेलाल निवासी ग्राम पतराजपुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर** बताया। अभियुक्त की तलाशी एवं कब्जे से—एक जोड़ी सफेद धातु की पाजेब, एक जोड़ी सफेद धातु के बिछुए, एक पीली धातु का ओम, एक सफेद धातु की जंजीर, एक सफेद धातु की अंगूठी, ₹11,500/- नकद (₹500/- के 23 नोट), एक अदद सूजा (लोहा), एक अदद आरी (लोहा), एक अदद छुरी (लोहा) बरामद हुए। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल **टीवीएस स्पोर्ट संख्या यूपी-27 AY-4077** भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

नरेश पुत्र परागेलाल निवासी ग्राम पतराजपुर थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 43 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनाक व समय एवं स्थान-

दिनांक 11.05.2026 को समय 00.33 बजे पैतापुर तिराहे के पास

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास—

- ✓ मु0अ0सं0 216/2026, धारा 305, 331(4) बीएनएस, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
- ✓ मु0अ0सं0 217/2026, धारा 305, 331(4) बीएनएस, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
- ✓ मु0अ0सं0 218/2026, धारा 305, 331(4) बीएनएस, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद पीली धातु का ओम
2. एक जोडी सफेद धातु की पाजेब
3. एक अदद सफेद धातु की जंजीर
4. एक अदद सफेद धातु की अंगूठी
5. एक जोडी सफेद धातु की बिछिया
6. एक अदद लोहे का सूजा
7. एक अदद लोहे की आरी
8. एक अदद छुरी लोहा
9. 11500/- रुपये नगद
10. एक अदद मो0 सा0 (घटना मे प्रयुक्त)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 श्री दिलशाद खां, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री नितिन सोम, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 2539 कुलदीप कुमार, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 2324 मोहित भाटी, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 1958 शुभम छोकर, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।
6. का0 1131 अमीपाल, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।